# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

8 जून 2025, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा मदुरै में तमिलनाडु भाजपा के राज्य, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारियों की बैठक में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**2026 में तमिलनाडु की जनता DMK सरकार को उखाड़कर फेंकेगी और NDA की सरकार बनाएगी**

*******************

**अपने घोषणा पत्र के 60% वादे पूरे न कर पाने वाली DMK सरकार 100% फेल सरकार है**

*******************

**मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिए भेजी गई पोषण किट में घोटाला कर DMK सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी हैं**

*******************

**तमिलनाडु में अपराध और नशे का कारोबार बढ़ रहा है लेकिन मुख्यमंत्री स्टालिन को इसकी कोई परवाह नहीं**

*******************

**तुष्टीकरण में डूबी DMK सरकार ने भगवान मुरुगन का अपमान किया**

*******************

**दक्षिण तमिलनाडु में राजनीतिक स्वार्थ के कारण DMK के द्वारा जातीय हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है**

*******************

**डीएमके सरकार मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई तमिल भाषा में क्यों नहीं कराती?**

*******************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को मदुरै में भाजपा तमिलनाडु के राज्य, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व क्षमता और भाजपा की चुनावी उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि **अब तमिलनाडु में पारदर्शी और राष्ट्रवादी सरकार की ज़रूरत है।** श्री शाह ने डीएमके सरकार भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा कि **तमिलनाडु बदलाव के दौर में है और 2026 में एनडीए सरकार बनेगी।** कार्यक्रम के दौरान भाजपा तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष श्री नैनार नागेंद्रन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री के. अन्नामलाई, केन्द्रीय मंत्री श्री एल. मुरुगन, भाजपा तमिलनाडु सह-प्रभारी श्री सुधाकर रेड्डी सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज तमिलनाडु की इस पुण्यभूमि पर भाजपा कार्यक्रताओं के समक्ष खड़ा हूँ। मदुरै केवल एक शहर नहीं, बल्कि यह 3000 वर्षों की सांस्कृतिक परंपरा और सभ्यता का प्रतीक है। इस भूमि पर आकर मैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूज्य पशुपथीनाथ मुथुरलिंगम थेवर जी को भी नमन करता हूँ। साथ ही, मैं

आप सभी से अपील करता हूँ कि **22 जून को होने वाले मुरुगा भक्त मंडल सम्मेलन में पूरे उत्साह से भाग लें। यह सम्मेलन हमारे संगठन की ताकत को दर्शाएगा।** मदुरै परिवर्तन की धरती रही है। यह शहर अनेक ऐतिहासिक बदलावों का साक्षी रहा है। आज जो कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है, वह डीएमके सरकार के पतन का कारण बनेगा। **आप सभी की एकजुटता ही 2026 में तमिलनाडु में एनडीए की सरकार की वापसी का मार्ग प्रशस्त करेगी। भारतीय जनता पार्टी और एआईएडीएमके की गठबंधन सरकार आने वाली है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि वह दिल्ली में रहते हैं, लेकिन उनके कान हर समय तमिलनाडु की धड़कन को सुनते हैं। **स्टालिन साहब कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सही कह रहे हैं, क्योंकि डीएमके को हराने की ताक़त तमिलनाडु की जनता में है।** श्री शाह ने कहा कि मैंने देशभर के चुनावों में हिस्सा लिया है। मैं जनता की नब्ज़ जानता हूँ और **मुझे पूरा विश्वास है कि तमिलनाडु की जनता इस बार डीएमके की सरकार को उखाड़ फेंकेगी।** ऑपरेशन सिन्दूर के बाद, जब देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली गई, तब तमिलनाडु की भागीदारी देश के किसी भी हिस्से से कम नहीं रही। तमिलनाडु की जनता ने देशभक्ति का जो परिचय दिया, वह अनुकरणीय है। **अभी हाल ही में पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी। उसके बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया कर दिया।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भी देश में कई बड़े आतंकी हमले हुए, लेकिन तब कोई जवाब नहीं दिया गया। लेकिन **2014 में माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, चाहे वो उरी हो, पुलवामा हो या पहलगाम, भारत ने हर बार करारा जवाब दिया।** भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिन्दूर जैसे साहसी कदम उठाकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान के अंदर 100 किलोमीटर तक घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के समय में भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है। पहले हम जो हथियार विदेश से मंगाते थे, अब उन्हें देश में ही बना रहे हैं। **भारत का युवा आज गर्व से 'कावेरी इंजन' का नाम लेता है, जो आत्मनिर्भर भारत की मिसाल है। देश में बने मिसाइलों ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और वायुसेना के हवाई अड्डों को पूरी तरह तबाह कर दिया।** पूरी दुनिया ने भारत की ताक़त को देखा और सराहा। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने साफ कहा है कि "ऑपरेशन सिन्दूर" अभी समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि जारी है। अगर कोई गोली चलाएगा, तो जवाब गोले से दिया जाएगा। आतंक का अंत अब निर्णायक होगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **2024 का साल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक मील का पत्थर रहा है।** यह वास्तव में एक ऐतिहासिक वर्ष है। **इस वर्ष, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने, यह अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। 2024 में ही ओडिशा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई।** यह वह राज्य है जहाँ कभी हमें अपेक्षित समर्थन नहीं मिला था, लेकिन इस बार जनादेश ने इतिहास रच दिया। **हरियाणा में भी भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई। महाराष्ट्र में हमने अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की और सरकार बनाई।** इतना ही नहीं, 2025 में दिल्ली में भी भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली। **27 वर्षों बाद, दिल्ली में केजरीवाल सरकार को हटाकर भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में सरकार बनाई।** अब, बारी है 2026 की। **2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार बनने जा रही है।** आप सब इसे गांठ बाँध लें, घर जाकर याद रखें। तमिलनाडु और बंगाल दोनों राज्य बदलाव की राह पर हैं और यह परिवर्तन अब दूर नहीं।

श्री शाह ने कहा कि तमिलनाडु में डीएमके सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएँ पार कर दी हैं। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब तमिल नागरिकों के लिए ₹450 करोड़ की लागत से पोषण किट भेजी। लेकिन इस नेक कार्य को भी घोटाले में बदल दिया गया। एक निजी कंपनी को ठेका देकर भारी घपले किए गए और गरीबों के पेट पर लात मारी गई।** तमिलनाडु की जनता सब देख रही है और अब समय आ गया है कि डीएमके को

हटाकर एक पारदर्शी, ईमानदार और राष्ट्रभक्त सरकार को चुना जाए। **तमिलनाडु में ₹46,000 करोड़ से अधिक के रेत खनन में बड़ा घोटाले हुए।** आज गरीब आदमी को अपना घर बनाने के लिए महंगी रेत खरीदनी पड़ती है, जिसका पैसा सीधे डीएमके पार्टी की तिजोरी में जाता है। इस घोटाले के **लगभग ₹40,000 करोड़ से तमिलनाडु के हर गांव के प्राइमरी स्कूलों में दो नए कमरे बनाए जा सकते थे, लेकिन डीएमके सरकार ने इस पैसा का चूना लगा दिया।** मेरे पास उनके घोटालों की लंबी सूची है। यह तमिलनाडु की सरकार 100% विफल रही है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु में अब चुनाव आने वाले हैं, लेकिन **स्टालिन सरकार ने डीएमके चुनावी घोषणा पत्र के लगभग 60 प्रतिशत वादे अभी तक पूरे नहीं किया है।** स्टालिन जी में अगर हिम्मत है तो अपने घोषणा पत्र की रिपोर्ट जनता के सामने रखें कि कितने वादे पूरे किए हैं और कितने नहीं? तमिलनाडु में अवैध शराब कारोबार और भ्रष्टाचार बढ़ रहे हैं। गरीब लोग नकली शराब पीकर मर रहे हैं। **दक्षिण तमिलनाडु में जातीय हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो कि राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है।** बुजुर्गों और महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। नशा तस्कर युवाओं को बर्बाद कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को इन बातों की कोई चिंता नहीं है। **तमिलनाडु में भगवान मुरुगन से जुड़ी पहाड़ी को सिकंदर हिल कहने की भी हिम्मत की गई है, जो मुरुगन भक्तों की श्रद्धा के खिलाफ है।** तमिलनाडु की जनता से आग्रह करता हूँ कि वे मुरुगन भक्तों के रूप में आगे आएं और अपनी ताकत का परिचय दें। **तमिलनाडु सरकार से फिर से अनुरोध करता हूँ कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में जल्द से जल्द तमिल भाषा को शामिल किया जाए ताकि छात्र अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त कर सकें।**

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सैंगोल को संसद में स्थान देकर तमिलनाडु का सम्मान बढ़ाया है। जब माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने, तब भारत की अर्थव्यवस्था 1.9 ट्रिलियन डॉलर थी और आज 11 वर्षों में यह बढ़कर 4.19 ट्रिलियन डॉलर हो गई है**, जिससे भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बन चुका है। यह एक स्पष्ट उदाहरण है कि विकास कैसे होता है। स्टालिन जी हर बार कहते हैं, "मोदी सरकार ने तमिलनाडु को क्या दिया?" स्टालिन साहब, **यूपीए सरकार ने 10 साल में तमिलनाडु को 1,53,000 करोड़ रुपये दिए, जबकि भाजपा सरकार ने 10 साल में 6,80,000 करोड़ रुपये दिए हैं।** तमिलनाडु के विकास के लिए यह रकम केवल जमीन पर ही नहीं बल्कि सड़क, रेलवे और एयरपोर्ट के लिए भी दी गई है। सड़कों के लिए 63,000 करोड़, रेलवे के लिए 77,000 करोड़ और एयरपोर्ट के लिए 3,500 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आज तमिलनाडु के हर शहर और गांव से मंडल कार्यकर्ता यहाँ मौजूद हैं। जब आप अपने गांव, शहर या टाउन जाएंगे, मेरा आपसे एक ही आग्रह है जब तक तमिलनाडु में डीएमके सरकार को नहीं हटाते, तब तक आराम नहीं करेंगे। यह टीम इसी संकल्प के साथ काम करेगी। **वर्ष 2026 में भारतीय जनता पार्टी और एआईएडीएमके के साथ मिलकर तमिलनाडु विधानसभा चुनाव लड़ेगी, एनडीए के साथियों के साथ मिलकर लड़ेगी।** तमिलनाडु की जनता इस बार डीएमके को हटाएगी।

**********************